हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 30 अगस्त 2025

06 अमेरिका का दूध एवं बीज मंजूर नहीं विदेशी ...



09 पुलिस ने महज 48 घंटे में अपहृत नाबालिक ...





## वात्सल्य स्कूल के गणेश महोत्सव में स्कूल के छात्रों ने मंच से दिया बाल गंगाधर तिलक का संदेश







विदिशा। वात्सल्य विद्यालय में आयोजित गणेश महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को उपस्थित अतिथियों ने भगवान गणपति की आराधना की। इसके बाद छात्रों द्वारा धार्मिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रमों में संस्कृत श्लोक, सरस्वती वंदना, रेट्रो, महिषासुर, गरबा, योगा, पेरेंट सॉन्ग, छोटा भीम, बंगाली डांस, फाइव एलिमेंट, गोविंद कृष्ण मुरारी, गणेश डांस आदि मनमोहक प्रस्तुतियां शामिल थीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बाल गंगाधर तिलक नाट्य की प्रस्तुति रही। जिसमें बाल गंगाधर तिलक द्वारा स्वाराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा जैसा बुलंद नारा दिया गया। वात्सल्य मंच से छात्रों ने भारत की स्वतंत्रता एवं संस्कृति के प्रति बाल गंगाधर तिलक नाट्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। अतिथियों ने नन्हें-मुन्नों बच्चों की प्रस्तुतियों को खूब सराहा व अपने उद्गार व्यक्त करते हुए वात्सल्य विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक एवं छात्रों को बधाई व शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रमुख देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, प्रतीक कोहली, रुचिरा अरोरा व संजय शर्मा ने अतिथियों का आभार माना।

**कार्यक्रम में यह रहे मौजूद:** शुक्रवार को कार्यक्रम में एसपी रोहित काशवानी, ज्वाइंट कलेक्टर दीपशिखा गुप्ता, सौरभ सिंह विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, पिंकेश लता रघुवंशी, अनुश्री शैलेन्द्र जैन लीगल राइट कौंसिल अध्यक्ष मप्र, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, मनोज कटारे, तोरण सिंह दांगी, राजेश जैन, सपना जैन, बन्नू भैया, संजय भंडारी, अखिलेश जैन, आदेश जैन, सहित नगर के वरिष्ठ नागरिक व बच्चों के पालक मौजूद रहे। विद्यालय की संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, प्रतीक कोहली, रुचिरा अरोरा, संजय शर्मा, हेड बॉय व हेड गर्ल ने सभी अतिथिगयों को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

### आपसी राजनीति के फेर में बदल रही शहर की सूरत, बदहाली का दौर

## गधे लेकर सीएमओ कक्ष में पहुंचे कांग्रेसी

### कांग्रेसियों ने नगरपालिका पर विकास कार्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया



**जगह-जगह गड्ढे बने**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नगरपालिका की कार्यप्रणाली के विरोध में शुक्रवार को एक अनोखा प्रदर्शन किया गया। नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और कांग्रेस नेता राजा यादव दो गधों के साथ नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। दोनों नेता गधों को लेकर सीएमओ कक्ष तक गए, लेकिन वहां कोई अधिकारी मौजूद नहीं मिला। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि पिछले तीन वर्षों में नगरपालिका ने विकास कार्यों की पूरी तरह अनदेखी की है। शहर की सड़कें खस्ताहाल हैं। जगह-जगह गड्ढे बने हैं। धूल और जलभराव से नागरिक परेशान हैं। दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और लोग बीमार पड़ रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि शहर की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। नगरपालिका अध्यक्ष और सीएमओ जनहित की बजाय आपसी राजनीति में व्यस्त हैं। कांग्रेस नेता राजा यादव ने कहा कि तीन साल में भ्रष्टाचार और आपसी खींचतान के अलावा कुछ नहीं हुआ। भाजपा की आंतरिक कलह का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गढ़ माने जाने वाले विदिशा में विकास कार्यों का ठप होना विपक्ष के लिए बड़ा मुद्दा बन गया है। नागरिक भी नगरपालिका की कार्यशैली से नाराज हैं।

### 12 को गुपचुप भुगतान, शेष ढाई महीने से परेशान

**विदिशा।** नगरपालिका में आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन न मिलने का मामला सामने आया है। नपा में करीब ढाई महीने पहले अनुशंसा के आधार पर 40 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। शुक्रवार को सफाई कर्मचारी कांग्रेस ने नीमताल से नगरपालिका तक रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने प्रभारी सीएमओ रमेश वर्मा को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का आरोप है कि 40 में से 12 कर्मचारियों को बिना प्रमाणीकरण के गुपचुप तरीके से वेतन दिया गया है। शेष कर्मचारी अभी भी वेतन के लिए परेशान हैं। सफाई कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारी दिनेश करोसिया के अनुसार वार्ड पार्षद और दरोगा के माध्यम से प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद भुगतान रोका जा रहा है। प्रभारी सीएमओ रमेश वर्मा ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी करने के पैसे लिए शिकायत पर लौटाए

**लटेरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी में डिलीवरी के बदले ड्यूटी पर नर्स द्वारा पैसे मांगने के आरोप लगते रहे है किंतु आज एक लिखित शिकायत ने इस आरोप को सिद्ध कर दिया है। जहां नया नगर निवासी बंजारा समाज की एक बहू प्रसूति के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। तब ड्यूटी पर उपस्थित नर्स द्वारा पैसे की मांग की गई अन्यथा फिर प्रसव के लिए अन्य जगह जाने का बोला गया। और डर बताया गया कि बच्चा उल्टा है। पैसे की बात हो जाने पर फिर प्रसव के लिए तैयार हो गईं और 1800 रुपए रुपए दिए गए। इस घटना की शिकायत प्रसव के लिए भर्ती महिला के ससुर हिंदू सिंह बंजारा ने की। मामला गंभीर होते देख नर्स द्वारा 1600 रुपए वापस किया जाना बताया जा रहा है। महिला के पति बलवीर सिंह बंजारा नया नगर के बताया कि हम नए नगर की गरीब लोग हैं। पत्नी को डिलीवरी के लिए लटेरी जाए थे। जहां प्रसव कराने के लिए नर्सों द्वारा 1800 रुपए मांगे। पैसे देने के बाद ही प्रसव कराया गया है। इस तरह का कृत्य करने वाली नर्सों के खिलाफ में कार्रवाई चाहता हूं। शिकायत के बाद हमें 1600 रुपए वापस किए गए।

## जिपं अध्यक्ष द्वारा शुरू हुआ 'सर्व सुविधायुक्त मुक्तिधाम' का सेवा संकल्प बना प्रदेशव्यापी अभियान

### मुख्यमंत्री ने की घोषणा का जिपं अध्यक्ष ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



अच्छी खबर

विदिशा जिले से प्रज्वलित हुई 'सर्व सुविधायुक्त मुक्तिधाम' की ज्योति अब पूरे मप्र को आलोकित करने जा रही है। पिछले वर्ष अक्टूबर 2024 को जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी द्वारा विदिशा जिले के मुक्तिधामों को सर्व सुविधा युक्त बनाने की एक महत्वाकांक्षी मुहिम शुरू की गई थी।

इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 30 अक्टूबर 2024 को जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जिले के मुक्तिधामों की स्थिति से अवगत कराया गया। उनके निर्माण व मरम्मत हेतु मांग पत्र सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने इस जनभावना से जुड़े विषय को गंभीरता से लिया और तत्काल प्रभाव से इस प्रस्ताव को ए प्लस सीएम मॉनिट में शामिल करते हुए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग से विस्तृत प्रस्ताव तैयार करवाया।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प एवं जनभावनाओं को सर्वोपरि रखते हुए इस कार्य को न केवल प्राथमिकता दी बल्कि पूरे प्रदेश स्तर पर इस संकल्प को पूर्ण करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने यह घोषणा की है कि वर्ष 2026 तक पूरे प्रदेश के सभी श्मशानों को संवारकर सर्व सुविधा युक्त बनाया जाएगा।

#### सर्वे कराकर 70 करोड़ का प्रोजेक्ट पारित कराया

जिपं अध्यक्ष के प्रयासों से आरईएस विभाग द्वारा पूरे जिले के गांवों का सर्वे कराकर लगभग 70 करोड़ रुपए का एक विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार कर जिला पंचायत से पारित कराया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी श्मशान घाटों को मुख्य मार्गों से सीसी रोड द्वारा जोड़ा जाए, श्मशान भूमि का विधिवत सीमांकन कर उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

## पेट्रोल पंप की जांच में स्टॉक में मिला अंतर, 4900 लीटर पेट्रोल जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



एक किसान की शिकायत पर टीम ने पेट्रोल पंप की जांच कर डीजल जब्त किया है।

में. डीएस लोधी किसान सेवा केंद्र पर एक उपभोक्ता ने शिकायत की थी कि इंडियन पेट्रोल पंप ठर्र से पेट्रोल डलवाया था। 2 किलोमीटर चलने के बाद गाड़ी बंद हो गई। फिर धक्का देकर पालकी गांव में गाड़ी दिखाई। जिसमें गाड़ी के टैंक में पानी निकला। प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच टीम ने पेट्रोल पंप की जांच की। टैंक में डिप रोड में केमिकल लगाकर पानी की जांच करने पर टैंक में पानी मिला। स्टॉक सत्यापन पर पेट्रोल के स्टॉक में अंतर पाया गया। टीम ने 4 हजार 900 लीटर पेट्रोल जब्त कर लिया। है जिसकी कीमत 5 लाख 33 हजार 626 रुपए है। पंप पर नापतौल इंस्पेक्टर द्वारा जांच करने पर सत्यापन का सर्टिफिकेट नहीं पाया गया। जिसका प्रकरण तैयार किया गया। पंप पर आवश्यक सुविधाओं की कमी मिली, स्टॉक पंजी नहीं पाई गई। टीम ने पंचनामा तैयार किया है। जिसे कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

### नामदेव महाराज पर की टिप्पणी का किया विरोध

**विदिशा।** संतशिरोमणी नामदेव महाराज पर की गई टिप्पणी के विरोध में नामदेव समाज ने विधायक मुकेश टंडन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यूनिवर्स बुक्स द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार सूर्यवान पाण्डे, पवन चौधरी ने संत शिरोमणी नामदेव महाराज को पुस्तक व लेख में डाकूओं का सरदार एवं इस्लाम धर्म से प्रभावित बताया गया है। जबकि गुरुग्रंथ साहिब सहित समस्त धार्मिक ग्रंथों एवं पुस्तकों व धार्मिक जगत में यह स्पष्ट है कि संत नामदेव महाराज एक सगुण एवं विठ्ठल भगवान के उपासक हैं। जिनके आज करोणों भक्त भारत व अन्यदेशों में उपासक हैं। ज्ञापन देकर समाजजनों ने पुस्तक व लेख पर प्रतिबंध लगाने की मांग विधायक से की है।

### जिला जेल में आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया

## जवानों ने आगजनी भूकंप, बाढ़, विद्युत दुर्घटना और आकस्मिक घटनाओं में बचाव कार्य की बारीकी बताईं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आपदा प्रबंधन जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जिला जेल में आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ मयंक कुमार जैन एवं जिला जेल अधीक्षक प्रियदर्शन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुआ। इसमें होमगार्ड, एसडीईआरएफ एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों ने भाग लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। एसडीईआरएफ के विशेषज्ञ जवानों ने आगजनी, भूकंप, बाढ़, विद्युत दुर्घटना, सर्पदंश एवं आकस्मिक घटनाओं में बचाव एवं राहत की बारीकियों पर जानकारी दी। प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे के नेतृत्व में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल एवं प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि संकट की स्थिति में संयमित रहते हुए सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, संचार व्यवस्था बनाए रखने तथा फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग की प्रक्रिया कैसे अपनाई जाएं।

### खाली बोतल से लाइफ जैकेट, ट्यूब से लाइफ बॉय, बांस की गठरी, प्लास्टिक की गगरी से बचना सिखाया गया

बंदियों को विपरीत परिस्थितियों में इंप्रोवाइज तकनीक से प्लास्टिक की खाली बोतल से लाइफ जैकेट, ट्यूब से लाइफ बॉय, बांस की गठरी से बचना, प्लास्टिक की गगरी से बचना आदि तरीकों से बचाव सामग्री बनाना सिखाया गया। इसके अतिरिक्त कंबल की मदद से स्ट्रेचर, टू हैंड शीट, थ्री हैंड शीट, फॉर हैंड शीट बना कर घायलों को एम्बुलेंस अथवा अस्पताल तक लेना सिखाया गया। इस दौरान होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम में सौरभ पचौरी, देवेंद्र, विजय, राहुल, इंद्रा एवं दीपक शामिल रहे।

### मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

## हमें खेलों को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती मनाई गई। एसएटीआई स्थित कैलाश सत्यार्थी सभागार में जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 29 से 31 अगस्त तक किया जाएगा। जिसमें विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित होंगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि यह दिन हमें खेलों के प्रति जागरूक करता है। खेल गतिविधियों से शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति स्वस्थ बनता है और हमें अनुशासन सिखाता है। इसलिए खेल को हम सभी को अपने जीवन का हिस्सा बनना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ ही नहीं बल्कि मानसिक और शारीरिक रूप से भी मजबूत बनाता है।



विदिशा। कार्यक्रम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए अतिथिगण।

### हमें खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए

एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर यह तीन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि जीतना-हारना तो लगा रहता है, लेकिन हमें खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए और खेल गतिविधियों में सहभागिता करना चाहिए। उन्होंने सभी से कहा कि हमें अपने पसंदीदा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, उसमें सहभागी होना चाहिए। खेल गतिविधियों के माध्यम से हमारा स्ट्रेस दूर होता है इसके कई लाभ होते हैं। उन्होंने कहा कि आज खेल गतिविधियों के माध्यम से भी बच्चे अपना भविष्य संवार सकते हैं। खेल गतिविधियों में भी बहुत सारी करियर अपॉर्चुनिटी होती है जैसे कि आर्मी, पुलिस, रेलवे इत्यादि। उन्होंने कबड्डी और खो-खो जैसी खेल गतिविधियों में भी हिस्सा लेने का आवाहन सभी से किया और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने की बात कही। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत के राष्ट्र सपूत हैं प्रधानमंत्री ने भी नारा दिया है कि हर गली हर मैदान खेल सारा हिंदुस्तान जिसको लेकर प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री ने खेल दिवस मनाने का कार्यक्रम निर्धारित किया उन्होंने मेजर ध्यानचंद जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश भी डाला।

## रात के समय निरीक्षण करने निकले एसपी रोहित काशवानी



**विदिशा।** गुरुवार की देर रात एसपी रोहित काशवानी ने कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राधा मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही आर्मी भर्ती रैली को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं भर्ती रैली में भाग लेने वाले युवाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, मार्ग सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। विदिशा पुलिस द्वारा आगामी अवसरों एवं आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा न हो।

### खबर संक्षेप

#### केंद्रीय मंत्री चौहान आज विदिशा आएंगे

**विदिशा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज शनिवार को विदिशा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान आज सुबह 10.30 बजे भोपाल से विदिशा के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर पहुंचकर पौधरोपण करेंगे। दोपहर 12.30 बजे गणेश मंदिर से वात्सल्य स्कूल के लिए रवाना होंगे। स्कूल में गणेश जी की आरती में शामिल होंगे। दोपहर 1 बजे वात्सल्य स्कूल से खेल स्टेडियम पहुंचकर खेल दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2.10 बजे विदिशा के खेल स्टेडियम से होटल द रिवर इन पहुंचेंगे।

#### चित्रगुप्त मंदिर में मुकेश नाइट कार्यक्रम आज

**विदिशा।** सुप्रसिद्ध गायक स्व. मुकेश माथुर की पुण्यतिथि के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा आज स्वरांजलि (मुकेश नाइट) का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम आज शनिवार शाम 5 बजे से शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर के लालबहादुर शास्त्री सभागार में होगा। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि समाज के करीब 45 लोग स्वर्गीय मुकेश माथुर द्वारा गाए हुए गीत गाकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुकेश नाइट की फाउंडर मेंबर ज्योति वर्मा, वरिष्ठ गायक लक्ष्मी बक्शी, वरिष्ठ गायक भोपाल प्रदीप सक्सेना मौजूद रहेंगे।

#### कुरवाई एसडीएम बने जैन, बिटोलिया को ग्यारसपुर की जिम्मेदारी

**विदिशा** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों के पदस्थापन में बदलाव किया है। संयुक्त कलेक्टर मनीष जैन को कुरवाई का उपखंड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। अपर जिला उप कलेक्टर नितिन कुमार जैन को जिला कार्यालय विदिशा में पदस्थापित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर विश्वकर्मा को सिरोंज और लटेरी का उपखंड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया को बासोदा और ग्यारसपुर का उपखंड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

#### वर्षाना स्कूल में लगा निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**विदिशा।** नेत्र निकेतन हॉस्पिटल की संचालिका डॉ.रूपाली जैन एवं उनकी टीम द्वारा वर्षाना हाई सेकेंडरी स्कूल में कैंप लगाकर बच्चों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। लगभग 200 बच्चों का निशुल्क जांच की गई है। करीब 30 से 40 बच्चों को चश्में के नंबर दिए गए। जिन बच्चों को आंखों से संबंधित दिक्कत हो रही थी उनको इलाज के लिए हॉस्पिटल रेफर किया गया।

#### विद्यालय में खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कुरवाई।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय कुरवाई में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, विधानसभा संयोजक विनोद जैन, भारतीय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष वरुण चौबे रहे।

#### श्रीराधाजी का प्राकट्य महोत्सव कल मनाएंगे

**विदिशा।** किलेअंदर स्थित द्वारकाधीश मंदिर में रविवार को श्रीराधाजी का प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर वृषभानू किशोरीजी राधिका का दिव्य-भव्य अनुपम श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर के मुखिया पं. गिरजेश मिश्रा के अनुसार सुबह 11.30 बजे किशोरी जी का अभिषेक होगा एवं दोपहर 12 बजे जन्म आरती होगी। शाम 7 बजे वृषभानू लली का दधिखाना महोत्सव भी मनाया जाएगा।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2783
उच्चतम भाव-3580
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2759
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2510
उच्चतम भाव-2535
चना
न्यूनतम भाव-4760
उच्चतम भाव-5850
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6670
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3397
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4690
सरसों
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6770
मूंग
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7000
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-2700
उड़द
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-6101
बटरी
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-3710

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 7121 बोरे उपज की आवक हुई।

# ब्लॉक स्तर पर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन खेल दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में ब्लॉक स्तर पर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी, राजू रैकवार, देवेंद्र राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि सरदार अहिरवार, बीईओ परता अहिरवार, प्राचार्य एमसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर सभी अतिथियों ने मां सरस्वती एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर तिलक माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। इस दौरान नवांकुर, डॉल्फिन, सेंटएसआरएस, कन्या मंडी, सीएम राइस एवं राइजिंग स्कूल के छात्र-छात्राएं अपने खेल शिक्षक के साथ सम्मिलित हुए। जिन्हें विधायक ने खेल दिवस पर सभी को खेलों की शपथ दिलाई। साथ ही विद्यालय को कबड्डी मैट दिलाने के लिए आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वदेशी के साथ-साथ स्वच्छता पर जोर देते हुए खेलों के जीवन में महत्व बताए। जनपद अध्यक्ष ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी स्वस्थ रहने के लिए जरूरी बताया। प्राचार्य एमसी शर्मा ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर विस्तृत रूप से बताया। तत्पश्चात अतिथियों ने स्वयं खेल के मैदान में बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेलकर खेल स्पर्धा का शुभारंभ किया। इसके बाद बच्चों के बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मैच आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन एन एस एस प्रभारी दिनेश ओझा ने किया तथा अंत में आभार वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप चौरसिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर खेल शिक्षक विजय शर्मा, कपिल गौड़, गौरव भारद्वाज, गजेंद्र सिंह, अनिकेत, राहुल विश्वकर्मा, निशा खान, गुड़िया शर्मा, विकास मालवीय, योग गुरु संदेश मिश्र, शफाकत हुसैन कादरी सहित अनेक छात्र, छात्राऐं उपस्थित थीं।

## स्वदेशी सुरक्षा स्वाबलंबन अभियान के तहत किया गया नुक्कड़ कार्यक्रम

# अमेरिका का दूध एवं बीज मंजूर नहीं विदेशी वस्तुओं का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सुरक्षा स्वाबलंबन अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। जिसको संबोधित करते हुए जिला समन्वयक परसराम दुबे ने त्योंदा रोड पर विदेशी वस्तुओं से बने पुतला दहन के समय कहा कि अमेरिका भारत में डेयरी उद्योग एवं बीज का व्यवसाय करना चाहता है यह हमें मंजूर नहीं है। अमेरिका को हम यह सब करने नहीं देंगे। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका में प्रचुर प्रोटीन युक्त दूध के दुधारू जानवरों को मांसाहारी आहार खिलाया जाता है, ऐसे पशुओं से मिलने वाला दूध पवित्र नहीं हो सकता। इस तरह के अमेरिका के डेयरी व्यवसाय से भारतीयों का धर्म भ्रष्ट हो सकता है। इसलिए मोदी सरकार ने भारत में यह व्यवसाय करने की अनुमति नहीं दी। इसी तरह अमेरिका स्वयं के बीज हमारे किसानों को बेच कर अपने अधीन करना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत की वेदलक्षणा देशी गाय सड़कों पर घूम रही है और लोग जर्सी नस्ल के गायनुमा विदेशी जानवर का दूध उपयोग कर रहे हैं। देशी गाय ही गाय है। स्वाबलंबी भारत अभियान के जिला पूर्णकालिक अंकित पाठक ने स्वदेशी खानपान, स्व वेशभूषा, स्व भाषा, स्व संस्कृति युक्त जीवन बनाने की अपील की। विभाग सह संयोजक सुखजीत सिंह ने कहा कि हमें स्वदेशी वस्तुओं को खरीद कर राष्ट्र को समृद्ध बनाना है। जिला सह संयोजक रोहित अग्रवाल ने कहा कि हमें स्वदेशी सामान उपयोग कर ट्रंप के भारत विरोधी टैरिफ को मुंह तोड़ जवाब देना है। इस अवसर पर शैलेश गायकवाड़, नीरज तेनगुरिया, हरिओम चौबे, राम किशन रायकवार, ललित रघुवंशी, मोहन रघुवंशी, बबलू दांगी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। नुक्कड़ सभा के पूर्व विदेशी कंपनी भारत छोड़ो एवं स्वदेशी के नारे लगाए गए। कार्यकर्ताओ ने विदेशी वस्तुओं के विरोध की तख्तियां लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद विदेशी वस्तुओं से निर्मित ट्रंप लिखे पुतले को जलाया गया।

## एसजीएस में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस तीन दिवसीय मनाया जाएगा, जिसमें 29 से 31 अगस्त तक महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की गई ।

इसके उपरांत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार द्वारा छात्र- छात्राओं को खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही डॉ. सुमनलाता गुप्ता ने जीवन में खेलों के महत्त्व के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह ने मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। प्रथम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे स्केचिंग, पेंटिंग, पुशअप चैलेंज एवं कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। स्केचिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रौनक रघुवंशी, द्वितीय स्थान प्राची दांगी एवं तृतीय स्थान निखिल राठौर ने प्राप्त किया। पुशअप चैलेंज में संस्कृति यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में महिला वर्ग में बी ए तृतीया वर्ष एवं पुरुष वर्ग में बीएससी द्वितीय वर्ष विजयी रहा। सभी विजेताओं को प्राचार्य द्वारा ट्रॉफी प्रदानकर सम्माननीत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. बी के प्रजापति, डॉ. विजय शाक्य, डॉ. बिन्देश शुक्ला, मनीष दुबे, डॉ. रेखा जांशल, डॉ. पवन जैन, जेपी मेहरा, आयुष सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा ।


## खबर संक्षेप

### भैरों बाबा की बड़ी छठ पर हुए कार्यक्रम



**गंजबासौदा।** भादों मास की बड़ी छठ श्री कालसेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक पर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सुबह 9 बजे विशेष पूजन, दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भजन कीर्तन, भगवान सत्यनारायण की कथा की गई। तत्पश्चात प्रसादी का वितरण उपस्थित श्रद्धालुओं को किया गया। बड़ी छठ के अवसर पर बाबा के दरबार में दूर-दूर से भक्त आए। बाबा के दरबार में प्रतिदिन सुबह 9 बजे रात्रि 9 बजे एवं शनिवार को दोपहर 12 बजे विशेष आरती होती है। भैरों बाबा के दरबार में 8 जनवरी 2005 से अखंड ज्योत भी जल रही है।

## वार्ड क्रमांक 2 में बच्चों ने लगाई श्रीगणेश की सुंदर झांकी



**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में गणेशोत्सव की धूम है। जगह जगह बाल उत्सव समितियों द्वारा श्री गणेश की झांकियां लगाई गई हैं। वहीं वार्ड नंबर दो फ्रीगंज स्कूल के सामने बच्चों द्वारा श्री गणेश की सुंदर झांकी लगाई गई है। जहां बच्चे विधि विधान से पूजन अर्चन करने के साथ ही पंडाल में होमवर्क एवं पढ़ाई भी कर रहे हैं।

## नेशनल लोक अदालत लगेगी 13 सितंबर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर बासौदा न्यायालय परिसर में 13 सितंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इस संबंध में तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा के अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। लोक अदालत में आपराधिक, समनीय प्रकरण, चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति, पारिवारिक विवाद और बिजली-पानी बिल के मामलों का निपटारा किया जाएगा। बैठक में द्वितीय जिला न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार, प्रथम जिला न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर उपस्थित रहे। बैंक और नपा अधिकारियों को अधिकतम मामलों की पहचान कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। देहात, शमशाबाद, नटेरन और त्योंदा के थाना प्रभारियों को राजीनामा योग्य प्रकरणों में नोटिस की तामील सुनिश्चित करने को कहा है। विधिक सेवा समिति अध्यक्ष ने पक्षकारों से लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है।

## अमित सर्व सम्मति से पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष नियुक्त किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर में पटवारी संघ के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अमित रघुवंशी को निर्विरोध पटवारी संघ गंजबासौदा का तहसील अध्यक्ष चुना गया। रघुवंशी के चयन पर शुभचिंतकों, इष्टमित्रों एवं पटवारियों ने फूल, मालाओं से स्वागत कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रभारी मंत्री लखन पटेल के निज सचिव से मिले जनशिक्षक

# डीपीसी की अनियमितता की शीघ्र होगी जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

डीपीसी के तुगलकी आदेश एवं अनियंत्रित कार्यशैली से परेशान होकर प्रदेश के शिक्षामंत्री राव उदयप्रताप सिंह एवं प्रभारी मंत्री लखन पटेल के निज सचिव से शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष, शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी एवं जनशिक्षकों के जिलाध्यक्ष राजा भैय्या के नेतृत्व मे जिले के जनशिक्षकों और शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल मिला। प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री को बताया कि जनशिक्षकों, शिक्षकों के प्रति डीपीसी का व्यवहार अपमान जनक और तानाशाह पूर्ण रहता है। वह जनशिक्षकों से कहते हैं जिले का कोई जनप्रतिनिधि मेरा कोई कुछ नही कर सकता। पहले भी जिला पंचायत अध्यक्ष ने मेरे खिलाफ होकर देख लिया है। मैं जैसा कहूंगा आप लोगों को वैसा ही करना पड़ेगा। जनशिक्षकों और शिक्षकों ने एक स्वर मे कहा कि हमारे शिक्षक योजना पर जब शिक्षक फोटो डाल रहे हैं, तो स्क्रीन शाट मंगाना, शिक्षक उपस्थिति की फोटो मंगाना कहां का न्याय है। ज्ञापन और चर्चा के दौरान जनशिक्षकों और शिक्षकों ने कहा कि शाला मे पहला कदम पर किट वितरण और अन्य विषयों की बात भी उठाई। पूर्व में डीपीसी छतरपुर से आए हैं वहां भी उनकी अनियमितता थी और उसका पत्र यहां भी आया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आश्चर्य की बात है कि डीपीसी को किसी शिकायत, किसी जांच से फर्क ही नही पड़ता। आखिर शासन प्रशासन कर क्या रहा है। सभी ने डीपीसी को हटाने की मांग की। शिक्षामंत्री ने सब बातों को ध्यान पूर्वक सुना और अधिकारियों को तत्काल जांच करने आदेशित करते हुए कहा कि सिर्फ शिक्षक एप ही चलेगा। तरह तरह के मनपसंद आदेश नही चलेंगे। प्रतिनिधि मंडल में राजा भैय्या गुर्जर, राजेश बैष्णव ,अमर सिंह तोमर, निर्भय सिंह, महेन्द्रसिंह, नीरज चतुर्वेदी, रामशंकर सोनी, विमल राठौर, बृजमोहन शर्मा, लोकेन्द्र किरार, दयाराम, राजेश तिवारी, अवधेश कुर्मी, देवेन्द्र शर्मा, बृजमोहन शर्मा, संजीव रघुवंशी, दीपक नामदेव, प्रकाश दीक्षित, चरणसिंह रघुवंशी, जयप्रकाश शर्मा, अजय सक्सेना ,प्रदीप सोनी, नरेश रघुवंशी ,चन्द्रभान राजपूत, प्रमोद अहिरवार ,मनोज चौकसे, प्रदीप पंथी, मुकेश दुबे, प्रवेन्द्र रघुवंशी, वीरेन्द्र दिवाकर, शम्भूसिंह अहिरवार, शिवकांत चतुर्वेदी, नरेन्द्र नामदेव, संजय विश्वकर्मा, कृपाराम सेन मौजूद थे।

## इस तरह कर रहे सड़क को क्षतिग्रस्त



**उदयपुर।** एक ओर ग्राम को सुंदर स्वच्छ बनाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निर्माण कार्य, सौंदर्यीकरण कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे नगर के चौक चौराहे, सड़क आदि सुंदर दिखाई दें। वहीं दूसरी ओर कबाड़े का काम करने वाले कुछ लोग उदयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में पहुंचकर कबाड़े का सामान खरीदने का कार्य करते हैं। जहां से कबाड़ा खरीदकर उसे बेचने के लिए कबाड़े की दुकानों पर पहुंचते हैं। ऐसा ही नजारा आज देखने को मिला जब कबाड़ा खरीदकर एक तीन पहिया लोड़िग में ओवरलोड सामग्री भरने के बाद उसमें पीछे एक एक्स्ट्रा ट्रॉली को टोचिंग किया गया। जिसमें पहिया न होने के बावजूद उसे तीन पहिया ऑटो से खींचकर सड़क से ले जाया गया। जिससे डामरीकृत सड़क से डामर गिट्टी उखड़ने लगी और सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। जागरुक नागरिकों एवं ग्रामीणों ने ऐसे कबाड़ा खरीदने वाले लोगों को जो सड़क को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं उन पर कार्रवाई करने की मांग प्रशासन से की है।

## मोहर छठः घाटों पर उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार शाम को पाराशरी नदी के घाट और बेतवा नदी के रिपटा घाट पर मोहर छठ के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। इस दिन मुख्य रूप से नवविवाहित युवक युवतियों के मोर मुकुट का विसर्जन किया जाता है। इस मौके पर शाम 4 बजे से ही बेतवा नदी के रिपटा घाट और अंबानगर बेतवा पुल पर लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया। मोहर छठ, जिसे मोरयाई छठ या सूर्य षष्ठी भी कहा जाता है, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। यह सूर्य देव को समर्पित एक विशेष व्रत है। इस दिन महिलाएं और पुरुष सूर्य देव की उपासना करते हैं। साथ ही नवविवाहित वर वधुओं के परिजन विवाह के मोर-मुकुट का नदी में विसर्जन करते हैं। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों के आने को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए बल तैनात किया।

संत रविदास ने एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया

# समाज और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी रहता है जैन समाज : अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

समाज और राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाला जैन समाज ही है। जैन धर्म परोपकार, क्षमा, त्याग, तपस्या, एकता का प्रतीक है। जैन धर्म ने विश्व को शांति का संदेश दिया है। यह उद्गार युवा नेता अविराज सिंह ने शर्मा वार्ड स्थित समैया चैत्यालय में व्यक्त किए। उन्होंने दुबे कॉलोनी में सीसी रोड़ का लोकार्पण और जरवांस में संत रविदास मंदिर का लोकार्पण किया। समैया चैत्यालय में संबोधित करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने कहा था कि अपने राष्ट्र के लिए हमें स्वदेशी को अपनाना चाहिए जिससे आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने में जैन समाज का अग्रणी योगदान है। मातृशक्ति का भी बड़ा परीश्रम और त्याग है। विश्व में जो टैरिफ चल रहा है, उसके समाधान में मातृशक्ति को आगे बढ़ाना होगा।




### भगवान गणेश ने अहंकार से मुक्ति का संदेश दिया

दुबे कॉलोनी में सीसी रोड का लोकार्पण करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि भगवान गणेश प्रथम पूज्यनीय हैं। वे बुद्धि, विवेक, ज्ञान के देवता है। भगवान गणेश ने कुबेर का अहंकार किस तरह नष्ट किया, की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान गणेश ने हमें अहंकार न करने का संदेश दिया है। उन्होंने जीवन में विनम्रता, एकाग्रता, अनुशासन और समय का उपयोग करने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की नित्य पूजा से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।युवा नेता अविराज सिंह ने जरवांस में संत रविदास मंदिर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने हमें एकता और भाईचारे का संदेश दिया। अपना सम्पूर्ण जीवन समाज की कुरूतियों को मिटाने में लगाया। उन्होंने सामाजिक समरसता का संदेश दिया। हम सभी को प्रयास करना होगा कि राष्ट्र में सामाजिक समरसता आगे बढ़े। उन्होंने गांधी वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नाला निर्माण, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में कुशाभाऊ पार्क निर्माण, शिव मंदिर निर्माण, केके पैलेस से सागर नाका तक रोड चैड़ीकरण, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट, सीसी रोड, आरसीसी नाली निर्माण, जरवांस में कायाकल्प योजना से सीसी रोड, सार्वजनिक शौचालय, पीएम योजना से सौ आवासों की स्वीकृति, पानी की टंकी निर्माण और अमृत योजना में हर घर नल कलेक्षन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र को आगे बढ़ायें और विकास में भागीदार बने।

ऑपरेशन मुस्कान

## पुलिस ने महज 48 घंटे में अपहृत नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द



**सिरोंज।** जिले में गुमशुदा,अपहृत बालक-बालिकाओं की तलाश एवं दस्तयाबी के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीओपी सुश्री सोनू डावर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। मिली जानकारी अनुसार 26 अगस्त को फरियादी कड़ौरी पिता भागचंद ने थाना सिरोंज में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है। शिकायत पर थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 488/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर त्वरित जांच प्रारंभ की गई। पुलिस की सक्रिय कार्यवाही के परिणाम स्वरूप मात्र 48 घंटे के भीतर बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंपा गया। इस दौरान उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय,उ.नि. स्मिता जैसवाल,स.उ.नि. प्रकाश चतुर्वेदी, प्र.आर. गोविंद, म.आर. प्रियंका बघेल, म.आर. सोनम, आर. शशांक पाठक, आर. विष्णु सिंह तोमर,आर. रवि दांगी, आर. गुलशन की अहम भूमिका रही।



## आईजा आयोजित जैन पत्रकारों के महासम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह करेंगे शिरकत

**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा द्वारा राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारो का महा सम्मलेन 5 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में आयोजित होने जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी शिरकत करेगें। आईजा द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय पत्रकारो के महा सम्मेलन में 5 अक्टूबर को तीर्थ चतुवर्ती गुरुवर जगत पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के जैन पत्रकार एंव प्रथम बार महिला पत्रकार बडी संख्या में पधार रहें है। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश की विभिन्न पत्रकारिता जगत से जुडी हस्तियो के साथ देश के राजनेता,आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया विशेष रूप से उपस्थित रहेगें। इस पत्रकारो के सम्मेलन में जीव दया,जैन तीर्थ क्षेत्रो की रक्षा व सुरक्षा के साथ वर्तमान समय में पत्रकारो को कवरेज करते समय उनकी रक्षा और सुरक्षा,जैनत्व संस्कारो का संरक्षण कैसे आदि को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी। तो वही कार्यक्रम के आमंत्रण के लिए आईजा का एक प्रतिनिधि मण्डल मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मिला और कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया। जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कार्यक्रम में आने की सहहर्ष अनुमति प्रदान की। इस मौके पर आईजा के प्रतिनिधि मण्डल में आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,प्रदेश महामंत्री अंकित जैन,वरिष्ठ पत्रकार अर्चित जैन पुणा, इंजीनियर शोभित जैन विदिशा,आहान जैन सैनानी आदि मौजूद रहें।

### व्रतधारी महिलाओं के लिए पुरस्कार वितरण



**सागर।** सिंधी कॉलोनी में चल रहे झूलेलाल चालिहा समापन के अवसर पर जिसने 40 दिनों का व्रत रखा था उन महिलाओ युवतियों के लिए ड्रा द्वारा कूपन निकला गया। जिसमे प्रथम सोने का लॉकेट आशा शादीजा को दूसरे नंबर चाँदी की झूलेलाल की मूर्ति मधु गंगवानी तीसरे नंबर पर सिलाई मशीन स्नेहा सिंघानी को मंडली के लालाराम मेठवानी, महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, रैना गोकलानी, ममता तलरेजा, सुरेश मोहनानी, दिलीप वाधवानी, परमानंद पंजवानी, राजेश मनवानी, विन्नू आहूजा, सोनू जेसवानी भारती मोहनानी, मोनिका मेठवानी ने संयुक्त रूप से दिए।

## सागर में अंतिम हत्या के मामले मे सीरियल किलर शिवप्रसाद को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सागर में अंतिम हत्या के मामले में सीरियल किलर के आरोपी शिवप्रसाद उर्फ हल्कू धुर्वे को भा.द.वि. की धारा- 302 के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं पॉच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से अपर-सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्याया धीश (विद्युत अधिनियम) प्रशांत सक्सेना जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया । मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक सौरभ डिम्हा ने की।

जिला अभियोजन सागर के मीडिया प्रभारी सौरभ डिम्हा ने बताया कि 31 अगस्त 22 को रात्रि लगभग 01 बजे सिर मे चोट लगने से आहत मंगल को उसका भतीजा सचिन जिला अस्पताल लेकर पहुँचा, आहत के माथे पर फटा हुआ घाव था ड्यूटी डाक्टर ने घटना की सूचना थाना प्रभारी गोपालगंज को दी। आहत गंभीर अवस्था में होने से उसे बी.एम.सी. सागर रिफर किया गया। बीएमसी सागर मे उप.निरी. एन.एस. ठाकुर ने आहत मंगल अहिरवार के बताने पर धारा-307 भादवि की देहाती नालिसी लेख की गई थी।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया धरना प्रदर्शन




**सिरोंज।** शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर के पुराना बस स्टेण्ड अंबेडकर जी की प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें किसानों को बीमा से वंचित,नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार सहित समस्याओं को लेकर राजपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

पुलिस ने प्रकरण किया दर्ज, अब मां की तलाश में जुटी

## कचरा गाड़ी में मिली जीवित नवजात, गोद लेने लगी होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

नगर के वार्ड 13-14 में जब नपं. की कचरा गाड़ी कचरा एकत्रित कर रही थी, तो कचरा गाड़ी में नवजात के रोने की आवाज से चालक, हेल्पर आश्चर्यचकित हो गये। कचरा, चारे, गोबर के बीच एक नवजात बच्ची पड़ी हुई थी, जिसका जन्म सुबह-ही हुआ होगा। कचरा गाड़ी से नवजात बच्ची को निकालकर सिविल अस्पताल ले जाया गया, गनीमत रही कि उसकी जान बच गई।

नवजात बच्ची को गोद लेने, पालने पोसने के लिए नपं. के पार्षद पूरन सिंह धाकड़ सहित अनेक लोग सक्रिय उत्सुक दिखे। फिलहाल बच्ची को सिविल अस्पताल में ही रख कर उसकी देखभाल पालन, पोषण किया जा रहा है।

### गोद लेने भारी उत्साह

कचरा गाडी में सुबह-सुबह ही किसी परिवार और जन्म देने वाली निर्दयी माँ ने दबाव मजबूरीवश ऐसा कृत्या कि कि जिसने भी सुना और मोबाइल पर हुए वायरल फोटो, वीडियों और कचरे गंदगी में बच्ची को जीवित देखा तो दंग रह गया।

जाको राखे सांईया, मार सके न कोई को लोगो ने चरितार्थ होते हुए देखा। ज्ञात इतिहास में यह पहली घटना दिन भर चर्चाओं का विषय बनी रही। वही दूसरी ओर नवजात बच्ची को देखने, गोद लेने लोगो की भीड़ बनी रही।



### प्रकरण दर्ज, मां की तलाश जारी

उक्त प्रकरण में चर्चा करते हुए टीआई कपिल गुप्ता ने कहा कि पुलिस 93बी बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच और कार्यवाही की जा रही है। दिन भर पुलिस पूछताछ में जुटी रही। वार्ड 13-14 में गर्भवती महिलाओं की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सिविल अस्पताल से जानकारियां ली गई। फिलहाल तो बच्ची कचरा गाडी में फैंकने वालों का सुराग नहीं लग रहा है। परंतु पुलिस के प्रयास जारी है। सफलता जरूर मिलने की उम्मीद है।

### मानवता शर्मशार

घटना की जानकारी क्षेत्र के विधायक और प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल को मिली तो उन्होंने लिखा कि नहीं पालना तो हम को दे दो पर मानवता को शर्मसार न करों, इसी के साथ यह भी लिखा कि नवजात बिटिया को कचरा गाडी में क्यों फैंका कारण अनेक हो सकते है। ईश्वर ने जिसको जन्म दिया उसको पूरा जीवन जीने का अधिकार है। जैविक माता पिता पालना चाहे या न रखना चाहे पर समाज व शासन की जिम्मेदारी है, हम अपने कत्वर्य का निर्वहन करेंगे। नवजात के पुर्नवास की व्यवस्था करेंगे। तथा विधि का पालन करते हुए माता-पिता की पहचान भी गोपनीय रखेंगे। इस प्रकरण में मानवता को शर्मसार करने के साथ नियम कानूनों का भी उल्लंघन किया है। अतः कानून अपना काम करेगा। बिटिया की पूरी जिम्मेदारी समाज व शासन निर्वहन करेंगे।

### तारण तरण युवा मंडल की कार्यकारणी का हुआ गठन

**बरेली।** श्री तारण तरण जैन मंदिर चैत्यालय में हुई तारण तरण समाज की बैठक में युवा मंडल की कार्यकारणी पदाधिकारियों का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष संदेश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिग्विजय जैन, कनिष्ठ उपा. चन्द्रकुमार जैन, कोषाध्यक्ष राहुल जैन, सचिव शक्ति तारण और विपुल जैन, सह मंत्री शुभम जैन, मीडिया प्रभारी चिराग जैन का निर्वाचन किया। इसी के साथ अन्य युवाओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कमलेश जैन शिक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक में समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, संरक्षण शिखर चंद जैन सहित समाजजनों एवं युवाओं की उपस्थिति रही। युवा मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने धार्मिक, सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों को अधिक सशक्त करने का संकल्प लिया। युवाओं ने सेवा कार्यो में नई उर्जा के साथ सक्रिय भागीदारी का सभी को भरोसा दिया।

## तेज धूप और भारी उमस से नगर एवं क्षेत्र के निवासी हो रहे परेशान

धान फसलों पर रोगों का प्रकोप, मच्छरों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

भादों का महिना अच्छी जोरदार बारिश के लिए जाना जाता है। पिछले 3-4 दिनों से तेज धूप के साथ गर्मी और असहनीय उमस से नगर एवं क्षेत्र के निवासी भारी परेशान नजर आ रहे है। दिन और रात का बढ़े तापमान से धान की क्यारियों का भरा पानी तेजी से सूखने के साथ कीटपतंग मच्छरों एवं फसलों पर विभिन्न रोगों का प्रकोप बढने लगा है।

सावन के महिना में जमकर बारिश हुई और वर्ष भर की औसत बारिश का कोटा तो पूरा हो गया परंतु अभी बारिश का सीजन का लगभग एक माह शेष है। भादौ के महिना में जमकर बारिश हुआ करती थी। अब आठ-10 दिनों के गेप के साथ बारिश हो रही है। जिस प्रकार पिछले 3-4 दिनों से दिन रात भारी गर्मी और उमस का माहौल बना हुआ है। उससे लोगो के साथ धान फसलों की भी सेहत बिगड रही है। वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम, हाथ पैरो पेट में दर्द के मरीज तेजी से बढ़ रहे है। आसमान में बादल तो छा रहे है, परंतु बारिश न होने से किसानों में चिंता का माहौल बन रहा है।



***गर्मी और उमस से सूख रहा धान का पानी -***
*जिस प्रकार गर्मी उमस और तेज धूप का मौसम बा हुआ है। उसके असर से धान की क्यारियों में भरा पानी तेजी से सूख रहा है। किसानों द्वारा ट्यूबवेलों के द्वारा बार-बार धान फसलों में पानी भरा जा रहा है। मौसम गर्म बना रहने से धान की फसलों पर रोगो और कीटाणुओं का भी प्रकोप बढ़ रहा है। जिसके नियंत्रण के लिए किसानों द्वारा बार-बार कीटनाशकों का उपयोग करने से लागत बढ़ रही है।*

## डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में यशस्वी छात्रवृति की प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल सीबीएसई में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के छात्र हर्ष धाकड़ पुत्र स्व. जसवन्त सिंह को विद्यालय की ओर से डेफोडिल्स यशस्वी छात्रवृत्ति से सम्मानित कर दौनों को 50-50 हजार रू. की राशि प्रदान की गई। जो उनके शैक्षणिकउत्कृष्टता परिश्रम और प्रतिबंधता को मान्यता देने हेतु दी गई।



डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कौशलेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि हमारा उद्देश्य विधार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को बढावा देना है। डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल हमेशा से प्रतिभाशाली छात्रों को आगे लाने और उन्हें प्रोत्साहित करने का प्रयास करता रहा है। कहा कि छात्रों को बेहतर करने के लिए प्रेरित करने में शिक्षा के महत्व को बढावा देना है। विद्यालय द्वारा दी जा रही इस प्रकार की छात्रवृत्ति विशेष रूप से उन छात्रों के लिए एक सशक्त समर्थन है, जो प्रतिकूल परिस्थितियों के वावजूद मेहनत और लग्न से आगे बढ रहे है। विद्यालय परिवार ने दौनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

8 फीट के बालगणेश, छोटा बाजार में 14 फीट ऊंची गणपति प्रतिमा

## श्रीगणेशोत्सव की धूम, 50 से अधिक स्थानों पर विराजे गजानन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

बुधवार से गणपति बप्पा की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ 10 दिवसीय गणेशोत्सव की धूम मचना शुरू हो गई है। विभिन्न हिस्सों में 50 से अधिक स्थानों पर विराजे विघ्रहर्ता, मंगलमूर्ति की प्रातः शम को पूजन आरती के साथ गणेश भक्तों की दर्शन करने भीड़ लगना शुरू हो जाती है।

नाहर कालौनी में आठ फिट की श्री बाल गणेश की प्रतिमा एवं छोटा बाजार में मुम्बई के लाल बाग के राजा की तर्ज पर 14 फिट उंची श्री गणेश प्रतिमा के साथ चौधरी चौक में विराजी विशाल प्रतिमा, कही झूले में झूलते श्री गणेश तो कही आप्रेशन सिंदूर की तर्ज पर श्री गणेश की झांकी गणेशजी के भक्तों में आकर्षण का केन्द्र बने हुए है।

बुधवार को श्री गणेश स्थापना के पूर्व मुख्य सडक़ और विभिन्न स्थानों पर भारी संख्या में छोटी-बडी श्री गणेश प्रतिमाओं की दुकानें लगी रही। शाम होते होते सभी गणेश प्रतिमाए बिकने से दुकानें खाली हो गई और भारी संख्या में श्री गणेश के भक्त प्रतिमाए खरीदने से वंचित रह गए। नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र में घरों घर प्रथम पूज्य गणपति बप्पा की प्रतिमाए स्थापित कर बच्चों द्वारा परिवार के साथ पूजन आरती की जा रही है।

पिछले एक दशक में सार्वजनिक स्थानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित कर गणेशोत्सव मनाए जाने के साथ घरों घर प्रतिमाए स्थापित करने का चलन बढ़ता ही जा रहा है। प्रत्येक सनातनी परिवार बुद्धि के दाता, विघ्रहर्ता, मंगलमूर्ति गणपति बप्पा की सेवा पूजन, आराधना कर सुख शंति समृद्धि की कामना करता नजर आ रहा है।



### युवाओं, बच्चों में उत्साह

भगवान गणेश की पूजन उन्हें प्रसन्न करने और गणेशोत्सव मनाने के प्रति सबसे अधिक युवाओं, बच्चों में उत्साह उमंग का माहौल बना हुआ है। प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं में भी श्री गणेश की प्रतिमाए स्थापित कर उन्हें सनातन संस्कृति और बुद्धि के देवता श्री गणेश से जोडने का प्रयास किया जा रहा है।

**नाम संशोधन सूचना**

मेरा नाम श्री राम पिता श्री नारायण सिंह जाति दांगी ग्राम सिमरहार तहसील गुलाबगंज जिला विदिशा निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड, पैनकार्ड, बैंक पासबुक परिचय में मेरा नाम श्री राम लिखा हुआ है। एलआईसी की पालिसी 354703422 में श्रीराम सिंह दांगी लिखा गया है। इसी तरह मेरी पत्नि ममता दांगी की एलआईसी पालिसी नंबर 354713142 में पति में मेरा नाम श्रीराम सिंह दांगी लिखा है। श्रीराम सिंह दांगी और श्री राम मेरा ही नाम है। मेरे एलआईसी अभिकर्ता राजेंद्र सिंह दांगी और एलआईसी के विकास अधिकारी आशीष मिश्रा के द्वारा इसकी तस्दीक का शपथपत्र प्रस्तुत है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। इन पालिसियों के भुगतान राशि की संपूर्ण जबावदारी शपथकर्ता की होगी।

**कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, वर्धा - जिला विदिशा**

पंजीयन क्रमांक / एआरव्हीडीएस / 336 — दिनांक 15.11.1988

**वार्षिक आमसभा- साधारण सभा दिनांक 10.09.2025**

वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, वर्धा की वर्ष 2025 की वार्षिक साधारणसभा-आमसभा की बैठक दिनांक 10/09/2025 दिन बुधवार को समय 12.30 बजे (दोपहर) समिति कार्यालय वर्धा में स्थान - समिति गोदामभवन-रूसल्ली-महानीम चौराह शमशाबाद में आयोजित रखी है। वनोपज सहकारी समिति वर्धा के समस्त सदस्यगणों, समिति संचालको, जनप्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति प्राथनीय है।

कोरम के अभाव में आधे घण्टे बाद पुनः बैठक उसी स्थान पर आयोजित की जावेगी। जिसके लिए गणपूर्ति होना आवश्यक नहीं होगा।

प्रबंधक
प्राथ. वनो. सह.समिति मर्या. वर्धा

## खबर संक्षेप

### कानून व्यवस्था हेतु विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त

**रायसेन।** जिले में 27 अगस्त से श्रीगणेश प्रतिमा स्थापना के साथ गणेशोत्सव प्रारंभ होकर 6 सितंबर को अनंत चर्तुदशी पर समापन होगा। 3 सितंबर को डोलग्यारस का पर्व मनाया जाएगा और 5 सितंबर को मिलाद-उन-नबी का पर्व भी मनाया जाएगा। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा जिले में पर्वो के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाने एसपी के प्रतिवेदन पर जिले के वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों तथा मंडी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र संबंधित थाना अंतर्गत 2 सितंबर से 6 सितंबर तक कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया है।

### बछड़े पर चढ़ी बस, लोगों ने ड्राइवर से की मारपीट



**सिलवानी।** सड़क पर बैठे बछड़े के ऊपर यात्री बस के चढ़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए गो सेवको ने बस चालक के साथ के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को जब्त कर चालक पर प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि करीब 8 बजे भोपाल से वाया सिलवानी होकर देवरी जाने वाली निजी यात्री बस की चपेट मे आने से तहसील कार्यालय के पास मुख्य मार्ग पर एक बछड़े की मौत हो गई। यहां पर पहुचें गौसेवको ने बस चालक के साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर एसडीओपी, टीआई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचें तथा बस को जब्त कर थाने लाए व चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है कि सख्त कार्रवाही की मांग को लेकर गौसेवकों बड़ी संख्या में थाने में जमा हो गए। गौसेवकों को पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाइश देकर मामले को शांत कराया।

### मवेशियों से टकराकर बाइक सवार घायल



**सलामतपुर।** गुरुवार-शुक्रवार की देर रात नेशनल हाईवे पर सामने पर एक बाइक चालक सड़क पर बैठे मवेशियों से टकराकर गंभीर घायल हो गया। गनीमत रही कि डायल हंड्रेड ने समय रहते युवक को सांची सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया। जिससे युवक की जान बच गई। थाने से मिली जानकारी अनुसार भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे पर बीती देर रात स्टार होटल के सामने सड़क पर बैठे मवेशियों से बाइक एमपी40 जेडीसी 6475 के चालक भूरेलाल पिता लखपत सिंह टकराकर गिर गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही हंड्रेड डायल ने मौके पर पहुंचकर भूरेलाल को सांची अस्पताल में भर्ती करा दिया।

**'वोट चोर गद्दी छोड़' सत्याग्रह की रैली में भारी संख्या में शामिल हुए कांग्रेसी**

**रायसेन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने साधा पीएम मोदी व सीएम डॉ मोहन यादव पर निशाना, बोले-**

# मोदी की गारंटी का मतलब जो बोलो वो करो मत

◆ कांग्रेसियों ने भाजपा मुर्दाबाद और वोट चोरों गद्दी छोड़ो के नारे लगाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को रायसेन में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ सत्याग्रह की रैली के बाद महामाया चौक के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के समीप जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह, सीएम डॉ. मोहन यादव पर जमकर पर निशाना साधते हुए बोले कि मोदी की गारंटी मानो झूठ का पुलिंदा।

उन्होंने भाजपाई स्लोगन पर सवाल खड़े किए। भाजपा नफरत और झूठ आडंबर की गंदी राजनीति का खेल खेल रही है। पटवारी ने कहा- मोदी जी ने कहा तो बहुत कुछ लेकिन वो पूरा नहीं हुआ। जीतू पटवारी यहां कांग्रेस कमेटी द्वारा सत्याग्रह रैली के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि शिवराज मामा अब किसानों से भी झूठ बोलने से बाज नहीं आ रहे हैं ना तो डीएपी, यूरिया खाद के प्रबंध किए और ना ही किसानों की आय दुगनी हुई, बल्कि किसान बैंक और सोसायटियों के कर्जदार हो गए हैं। अब आप ही बताइए शिवराज मामा का यह वादा झूठा है कि नहीं। उन्होंने जनसभा में जनता से भी कई सवाल जवाब किए। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना वह बोले यह केंद्र सरकार और प्रदेश सरकारें अलीबाबा और 40 चोरों की है जो दिखावा ज्यादा करती है और काम कर काम कम करती है ।

आम सभा में विधायक देवेंद्र पटेल जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल, मुमताज खान, विजय धाकड़ राजेन्द्र तोमर और अन्य प्रमुख वक्ता जमकर गरजे।






### कहा तो बहुत कुछ, लेकिन किया कुछ नहीं : जीतू पटवारी

कार्यक्रम में जीतू पटवारी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है कि जो कहो वो कभी करो मत। मोदी ने पहले भी बहुत बड़ी बड़ी बातें कहीं थी। भारत की इकोनॉमी को 5 ट्रिलियन डॉलर को बनाने की बात हो या चाइना-पाकिस्तान को आंखें दिखाने की बात हो या फिर भारत को दुनिया में नंबर वन बनाने की बात हो, मोदी ने कहा तो ये सब लेकिन किया कुछ नहीं। मप्र में 2 लाख लोगों को रोजगार देने की बात की गई, 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया लेकिन न तो किसी को रोजगार मिला और न ही किसी को 450 रुपए में सिलेंडर मिला। यही मोदी की गारंटी की सफेद झूठ का चिट्ठा जनता के सामने है। प्रदेश पर पहले से ही 3 लाख 26 हजार करोड़ का कर्ज है जिस पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में लगभग 3 हजार करोड़ रुपए हर माह अलग से ब्याज देना पड़ता है। इसके बावजूद अभी लगभग साढ़े 28 हजार करोड़ रुपए कर्ज ले लिया गया। मप्र में भी भाजपा ने जनता से वादे तो खूब किए। मोदी-शिवराज और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गारंटी तो खूब दी, लेकिन कोई भी वादा पूरा होता नजर नहीं आ रहा है।

### पटवारी ने मंच से किए एसडीएम से सवाल जवाब

*चीफ जीतू पटवारी ने रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा से मंच से सीधे सवाल जवाब किए वह बोले किसानों को फसल बीमा का लाभ मिला की नहीं किसानों को मूंग की राशि का भुगतान हुआ अथवा नहीं।*

*एसडीएम ने जबाव देते हुए कहा कि कुछ किसानों को भुगतान हुआ है, रिकॉर्ड देख कर बताएंगे।*

### श्री हनुमान मंदिर में मत्था टेक पूजन के बाद जीतू पटवारी ने शुरू की विशाल सत्याग्रह रैली

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शुक्रवार को दोपहर करीब 2 घंटे विलंब से रायसेन पहुंचे। इसके बाद वह सीधे कार से मारुति नंदन मंदिर पाटनदेव पहुंचे जहां दरबार में मत्था टेक कर पूजा-अर्चना की और यहां वोट चोरों गद्दी छोड़ो अभियान के तहत सत्याग्रह रैली में शामिल हुए। उनके साथ कई बड़े दिग्गज नेता भी रैली में शामिल हुए। यह रैली पाटनदेव से महामाया चौक पहुंची, जहां आमसभा में तब्दील हो गई। रैली में वोट चोरों गद्दी छोड़ो और भाजपा मुर्दाबाद के कांग्रेसियों ने नारे लगाए। कांग्रेसी हाथों में पार्टी के झंडे और स्लोगन लिखीं लेकर उत्साहित होकर चल रहे थे।

### यह रहे रैली में शामिल

जनसभा में सिलवानी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल गडरवास, डॉ जीसी गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष मुमताज खान, विजय धाकड़ एडवोकेट, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र सिंह तोमर, कविंद्र रघुवंशी, हर्षवर्धन सिंह सोलंकी पवित्रा कौर, बंटी पालीवाल, नीलमणि शाह, धर्मवीर सिंह, युद्धवीर सिंह पटेल मौजूद रहे।

### 'शिव और मोहन' भजन में लगे प्रभुराम

पटवारी बोले – ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके विधायकों को भाजपा ने कोड़ियों के मोल खरीद लिया है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक पर चुटकी लेते हुए कहा कि प्रभुराम लगता है 'शिव और मोहन' भजन में लगे हुए है, जनता की सुध लेने का उन्हें फुर्सत नहीं है।

## सांची यूनिवर्सिटी में शतरंज, कैरम और वादविवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उद्घाटन सत्र में कुलसचिव विवेक पाण्डेय ने खेलों के महत्व को शास्त्रों से जोड़ते हुए बताया कि 'शरीर माध्यम खेलां धर्मः साधना'।

उन्होंने कहा कि अपने छात्र जीवन में सभी छात्रों को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल मैदान में खेलते हुए बिताना चाहिए। कुलसचिव ने




आह्वान किया कि यदि छात्र खेलेंगे तो स्वस्थ रहेंगे और पढ़ाई भी उतनी ही एकाग्रता से कर सकेंगे। विवेक पाण्डेय ने कहा कि खेल, तनाव को दूर करते हैं और मैदानों से जुड़ने से बच्चे-युवा, पुरुष-महिला सभी मोबाइल टाइम कम कर सकते हैं। साथ ही निरोगी काया भी हासिल होगी।

विश्वविद्यालय के पीएचडी, एम.ए, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राएं शतरंज, कैरम और वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक हरीश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि खेलों से शरीर सशक्त, मन शांत और भावना संतुष्ट होती है। इस दौरान कार्यक्रम संचालक हरीश कुमार असाटी ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ का संदेश भी पढ़कर सुनाया।

## खेल दिवस पर खेल उत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

राष्ट्रीय खेल दिवस को हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर जिले में तीन दिवसीय खेल उत्सव का शुभारंभ हुआ। शहर के खेल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नपा अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा तथा एसपी पंकज पाण्डे द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मीणा ने उपस्थित खिलाड़ियों तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंदजी ने अपने खेल से




समपूर्ण विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय खेल दिवस उनके प्रति हमारे सम्मान का प्रतीक है। देश के खिलाड़ियों के लिये मेजर ध्यानचंदजी का जीवन आदर्श है, जो हमेशा आगे बढ़ने को प्रेरित करता है।

## ब्रज की यात्रा कर लौटे नप अध्यक्ष सहित अन्य का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

सनातन धर्म में ब्रज यात्रा का महत्व पुराणों में इसकी यात्रा फलदाई परिणाम सफल जीवन उत्तम विचार शांति और प्रेम की यह यात्रा के फल का चित्रण वेदों में किया गया है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े हर गांव यहां बाल स्वरूप में लीलाओं का वर्णन किया।

देहाती भाषा में लोग उनके सहारे जीवन यापन करते हैं और सब कुछ बिहारी करेंगे यह अटूट विश्वास का बंधन जन आस्था का केंद्र बिंदु है। यहां प्रतिदिन लाखों लोगों की बांके बिहारी हर मनोकामना को पूर्ण करते हैं।

इसी उद्देश्य को लेकर नगर परिषद की अध्यक्ष ममता चौहान



एवं नप के अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र चौहान, ग्राम पंचायत सेमरी के पूर्व सरपंच एवं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र चौहान ब्रज परिक्रमा की यात्रा कर वापस लौटे।

शुक्रवार को उनकी सफल यात्रा पर नप अध्यक्ष ममता चौहान, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान का नगर आगमन पर जोरदार स्वागत किया एवं सफल यात्रा के लिए बधाई दी गई। ब्रज यात्रा के अनुभव एवं वहां से आई प्रसादी का सामूहिक वितरण किया गया। गांव एवं नगर के लोगों ने नगर परिषद अध्यक्ष एवं सभी लोगों का स्वागत एवं सफल यात्रा की बधाई दी।

## मोरवाई छठ : मोर मुकुट और कलश सिर पर रखकर महिलाएं हुई शामिल, किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भादौ महीने के मोरवाई छठ पर जिन नई नवेली दुल्हन दूल्हों के शादी के एक साल पूर्ण होने पर उनके मोर मुकुट शुक्रवार को जलस्त्रोतों पर विसर्जन किए। नये दूल्हा दुल्हनों की शादी के 1 साल बाद मोर पंख मुकुट विसर्जन करने की प्रथा हुई। महिलाएं एकत्रित होकर सिर पर मोर मुकुट कलश रखकर ढोलनगाड़ों के साथ घरों से शोभायात्रा की शक्ल में निकली। महिलाएं मंगलगीत गाते प्राचीन मिश्र तालाब घाट पहुंची।

मिश्र तालाब घाट पर मोर छठ के दिन एक बड़े मेला का आयोजन होता है। मेले में महिलाएं वर-वधु के सिर पर लगे मोर को विसर्जन करती है। इस दौरान महिलाएं मंगल गीत गाकर वर-वधु को आशीर्वाद देती हैं। जिला मुख्यालय के आसपास के लोग अपने ट्रेक्टर, टेम्पो आदि से सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर महिलाओं द्वारा तालाब में सीदूल्हा-दुल्हन का मोर विर्सजन किया



जाता है। महिलाए मंगल गीत गाते हुए मोर को विसर्जन करती हैं। इस दौरान महिलाएं मंगल गीत गाकर वर-वधू को आशीर्वाद देती हैं और उनकी जोड़ी की सलामत रखने के लिए शिव जी से आराधना करती हैं। महिलाओं ने एक दूसरे पर पानी उलीचकर परंपरा का निर्वहन भी करती हैं।

**प्रवचन- तारण तरण जैन चैत्यालय में किया जा रहा है आयोजन**

## अहंकार नहीं, नम्रता ही आत्मा की सुंदरता : पं. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

◆ शुक्रवार को मार्दव धर्म पर की चर्चा, पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन मंदिरों में गूंजे ओम नमः सिद्धम का जयकारा

शहर के प्रमुख तारण तरण जैन चैत्यालय में शुक्रवार को आयोजित धर्मसभा में जैन प्रवचनकार पं. संयम शास्त्री ने उत्तम मार्दव धर्म पर प्रभावशाली प्रवचन दिए। श्रोताओं से भरे चैत्यालय में उन्होंने कहा कि नम्रता, कोमलता और अहंकार रहित जीवन ही सच्चे धर्म का आधार है। शास्त्री ने कहा मार्दव धर्म का भाव निर्मल होता है। जब तक जीव में अहंकार रहेगा, वह सम्यक ज्ञान को प्राप्त नहीं कर सकता।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ज्ञान का घमंड नहीं होना चाहिए क्योंकि अहंकारी व्यक्ति को समझाना असंभव हो जाता है। आत्मा का स्वभाव कोमल, अहिंसक और नम्र होना चाहिए, यही मुक्ति का मार्ग है।

ध्यान और जाप का विशेष महत्व -

प्रवचन में उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को प्रतिदिन एक माला ओम नमः सिद्धम् का जाप करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मन को



एकाग्र कर ध्यान करना आत्मा को शुद्ध करता है। धर्म किसी एक समय का बंधन नहीं है। यह तो हर क्षण किया जा सकता है। धर्म को जीवन में अपनाना ही सबसे बड़ी साधना है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा अपेक्षा दुख का कारण है। पंडित संयम शास्त्री ने यह भी कहा कि अपेक्षा ही दुख का मूल कारण है। जब हम दूसरों से कुछ अपेक्षित रखते हैं और वह पूर्ण नहीं होती तो मन व्यथित होता है। सच्चा साधक वही है जो अपने भीतर झांके।

प्रवचन के अंतिम चरण में उन्होंने आत्मा की पहचान करवाते हुए कहा मैं ज्ञान स्वरूप हूं, मैं रत्नत्रय स्वभाव हूं, मैं निर्मल स्वभाव वाला हूं। उन्होंने मिथ्या ज्ञान, मिथ्या दर्शन और मिथ्या चारित्र को जीतने का आह्वान किया।

### श्रद्धालु हुए भाव विभोर

धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रवचन के दौरान वातावरण श्रद्धा, भक्ति और आत्ममंथन से भर गया। सभा का समापन जिनवाणी स्तुति और नमोकार मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ।

दस दिवसीय पर्युषण पर्व के द्वितीय दिवस शुक्रवार को उत्तम मार्दव धर्म पर तारण तरण जैन चैत्यालय में प्रातः से देर रात तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां पर कि समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।


## तीर्थधाम ज्ञानोदय और जैन मंदिर में हुए दशलक्षण महापर्व पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

▪ सैकड़ों साधर्मी ज्ञानोदय पधारकर आत्म आराधना कर रहे

भोपाल विदिशा मार्ग पर स्थित तीर्थधाम ज्ञानोदय जहां प्रतिदिन सैकड़ों दर्शनार्थी पधारते हैं। तीर्थधाम ज्ञानोदय में प्रतिवर्ष की भांति दश लक्षण महापर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाए जा रहे हैं। इस अवसर पर दशलक्षण महामंडल विधान पंडित दीपक धवल भोपाल के निर्देशन में संपन्न हो रहा है, साथ ही कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान डॉ. शांति कुमार जी पाटिल जयपुर, वरिष्ठ विद्वान पंडित गुलाबचंद बीना का मंगल सानिध्य उपस्थित समूह को प्रतिदिन प्राप्त हो रहा है। पर्व के इन दिवसों में सैकड़ों साधर्मी ज्ञानोदय पधारकर आत्म आराधना आदि कर रहे हैं।

वही दीवानगंज के भवानी चौक पर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म से शुरू हुआ। जैन मंदिरों में उत्तम मार्दव धर्म की पूजा अर्चना की गई। दसलक्षण पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म मनाया गया। उत्तम मार्दव धर्म हमें सिखाता है कि तुम्हारा क्या है? यह संपत्ति, ये संबंध, ये शरीर कुछ भी तुम्हारा नहीं फिर अहंकार क्यों? सब एक



भ्रम है, और यह भ्रम ही अहंकार को जन्म देता है। जब समझ आ जाए कि जो पास है, वो भी तुम्हारा नहीं है, तब अहंकार खत्म हो जाएगा। चलो, आज अहंकार को छोड़कर मार्दव (मृदुता) को अपनाएं।

इस मौके पर स्थान वासी जैन समाज के धर्म बंधुओ ने बढ़ चढ़कर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की।